पत्रिका

नमक, चीनी और तेल कम करने का संकल्प

छात्र-छात्राओं व प्रबुद्ध नागरिकों को अपने स्वस्थ के लिए जागरुकता दिखाते हुए खाने में नमक, चीनी, तेल को कम करने का संकल्प लिया।

पांढुर्ना. महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश पहुंची स्वस्थ भारत साइकिल यात्रा का दोनों राज्यों की सीमा पर खाद्य अधिकारियों ने स्वागत किया। साइकिल चलाते हुए स्वस्थ भारत का विजन लेकर मध्यप्रदेश पहुंची साइकिल यात्रा का पहला पड़ाव बड़चिचोली और दूसरा सिवनी में आयोजित किया गया था। जहां पर इस अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। जिसके बाद शहर के एमपीएल मैदान पर आयोजित सभा में एनसीसी कॅडेट्स यात्रा कर पहुंचे और आगे की यात्रा करने वाले साइकिल चालकों को सलामी दी।

यात्रा के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. ओझा ने यात्रा के उद्देश्य के बारे में उपस्थित एनसीसी कॅडेट्स बताया। रूट प्रभारी एस रायकवार ने साइकिल यात्रा के दौरान आ रहे अनुभवों को साझा किया। टीम के सदस्यों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं व प्रबुद्ध नागरिकों को अपने स्वस्थ के लिए जागरुकता दिखाते हुए खाने में नमक, चीनी, तेल को कम करने का संकल्प लिया। एक अच्छे भारतीय होने की स्माइल देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।